# यीडा सिटी में 500 एकड़ में विकसित होगा सेमीकंडक्टर पार्क

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा: वामा सुंदरी इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. की


डा. अरुणवीर सिंह

सेमीकंडक्टर यूनिट को केंद्र सरकार की स्वीकृति के बाद यमुना प्राधिकरण ने क्षेत्र में सेमीकंडक्टर पार्क विकसित करने का फैसला किया है। सेक्टर छह में इसे 500 एकड़ में विकसित किया जाएगा। सेक्टर में 600 एकड़ जमीन ईवी पार्क के लिए आरक्षित की जाएगी।

केंद्र सरकार ने बुधवार को प्रदेश की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट की स्थापना के लिए अपनी स्वीकृति दी है। वामा सुंदरी इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. फाक्सकान के साथ मिलकर यीडा के सेक्टर 28 में 3,706 करोड़ से सेमीकंडक्टर यूनिट की स्थापना करेगी। यीडा के पास सेमीकंडक्टर यूनिट की स्थापना के लिए तीन प्रस्ताव अभी और विचाराधीन हैं। इन प्रस्तावों में एक हीरानंदानी समूह के टार्क सेमीकंडक्टर्स प्रा. लि. का है। कंपनी यूनिट के जरिये 28 हजार करोड़ का निवेश करेगी।


यमुना प्राधिकरण कार्यालय
● जागरण आर्काइव

प्राधिकरण ने कंपनी को 115 एकड़ जमीन आवंटित करने पर सैद्धांतिक सहमति दे रखी है। इसके अतिरिक्त भारत सेमी सिस्टम प्रा. लि. को सेक्टर 10 में 50 एकड़ जमीन के लिए सैद्धांतिक सहमति दी गई है। कंपनी 2,350 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। तीसरा प्रस्ताव पैनासोनिक कंपनी का है। कंपनी ने भी यीडा से सेमीकंडक्टर इकाई के लिए 50 एकड़ जमीन मांगी है। प्राधिकरण से सैद्धांतिक सहमति के बाद प्रदेश सरकार में प्रस्ताव विचाराधीन है।

**केयांस सेमीकान प्रा. लि. को गुजरात में मिल चुकी है स्वीकृति:** केयांस सेमीकान प्रा. लि. ने भी सेमीकंडक्टर यूनिट के लिए 50 एकड़ जमीन मांगी थी। यीडा और प्रदेश सरकार से इसे स्वीकृति भी दे दी गई थी। लेकिन कंपनी ने गुजरात में यूनिट लगाने का फैसला किया। इसके अलावा लंदन की कंपनियों के समूह की कंपनी एडिटेक सेमीकंडक्टर्स प्रा. लि. ने भी यूनिट लगाने के लिए यीडा को प्रस्ताव दिया था।

**सेक्टर छह बनेगा सेमीकंडक्टर हब:** यीडा सीईओ डा. अरुणवीर सिंह का कहना है कि प्राधिकरण ने यीडा क्षेत्र में सेमीकंडक्टर यूनिट की स्थापना के लिए सेमीकंडक्टर पार्क बनाने का फैसला किया है। सेक्टर में कुल 1,100 एकड़ जमीन है। इसमें 500 एकड़ में सेमीकंडक्टर पार्क विकसित होगा। शेष 600 एकड़ में ईवी पार्क होगा।